हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025

04 एईबीएएस से लगेगी हाजिरी पालन नहीं तो रुकेगा वेतन



08 सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित गोवंश के ...





## खबर संक्षेप

### 2.75 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** विधायक नर्मदपुरम की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से वि.ख./न.पा. इटारसी एवं नर्मदापुरम के 52 हितग्राहियों को 02 लाख 75 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर नर्मदापुरम एवं इटारसी के 02 हितग्राहियों को क्रमशः 20-20 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### 8 हितग्राहियों को सहायता राशि जारी

**नर्मदापुरम।** विधायक सोहागपुर की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से वि.ख./न.पा. माखन नगर एवं सोहागपुर के 18 हितग्राहियों को 02 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक सोहागपुर विजय पाल सिंह की अनुशंसा पर सोहागपुर के 02 हितग्राहियों को क्रमशः 25-25 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### अधिकारियों ने अमर वीर पुलिस शहीदों को नमन

**नर्मदापुरम।** मंगलवार को पुलिस लाइन नर्मदापुरम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वर्ष 2024-25 में 1 वर्ष की अवधि में देश के विभिन्न स्थानों पर कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद होने वाले 191 पुलिस कर्मियों को उनके द्वारा दिये गए बलिदान को याद करते हुए उनके सम्मान में पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया। परेड के दौरान पुलिस बल द्वारा अमर शहीदो को सलामी देते हुए शोक शास्त्र की कार्यवाही की गई।

## धूपगढ़ की चोटी पर पहुंचे पर्यटक लिया आंनद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में इन दिनों पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। दिवाली का पर्व समाप्त होते ही यहां पर्यटन में जबरदस्त उछाल आया है, जिससे 'सतपुड़ा की रानी' कही जाने वाली यह जगह एक बार फिर गुलजार हो उठी है। यह मौसम सैलानियों के लिए सबसे उत्तम है क्योंकि अभी न तो ज्यादा सर्दी और न ही गर्मी और न ही बारिश।

# दीपावली पर पचमढ़ी में पर्यटन की बहार, गुजराती पर्यटकों का बढ़ा रुझान, पर्यटकों के लिए पचमढ़ी यात्रा का सबसे उत्तम मौसम है



### बड़ी तादाद में पहुंचे पर्यटक

दिवाली की छुट्टियों का लाभ उठाने और त्योहार के बाद शांत व सुहावने मौसम का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी पचमढ़ी पहुंच रहे हैं। स्थानीय पर्यटन व्यवसायियों के अनुसार, दिवाली के बाद से ही होटलों और रिसॉर्ट्स में बुकिंग में काफी वृद्धि हुई है। प्राकृतिक सुंदरता, घने जंगल, ऐतिहासिक गुफाएं और मनमोहक झरने यहां आने वाले हर पर्यटक को लुभा रहे हैं।

### गुजराती पर्यटकों का विशेष आकर्षणः

साल के इस पहर मे गुजराती पर्यटकों का पचमढ़ी की ओर रुझान विशेष रूप से रहता है। गुजरात में दिवाली की लंबी छुट्टियों के चलते बड़ी संख्या में गुजराती परिवार यहां की शांत वादियों और दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करने के लिए पहुंच रहे हैं। उनके आगमन से स्थानीय बाजार में भी चहल-पहल बढ़ गई है। यह वह समय है जब वे प्राकृतिक सुंदरता का पूरा आनंद ले सकते हैं।

### पर्यटन भ्रमण का सबसे बेहतर समयः

पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि दिवाली के तुरंत बाद का समय पचमढ़ी घूमने के लिए सबसे बेहतर होता है। अक्टूबर के अंत से लेकर दिसंबर तक यहां का मौसम बेहद सुहावना और ठंडा रहता है, जो ट्रैकिंग (टहलना) और दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए आदर्श है। धूपगढ़, बी फॉल्स, जटा शंकर और पांडव गुफाएं जैसे प्रमुख स्थल पर्यटकों की पहली पसंद बने हुए हैं।

### आकर्षक रंगोलियों से सैलानियों का स्वागत

मध्य प्रदेश के सुरम्य हिल स्टेशन पचमढ़ी में पर्यटन सीजन की शुरुआत के साथ ही, मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग ने पर्यटकों के स्वागत के लिए एक मनमोहक पहल की है। विभाग की विभिन्न शाखाओं और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर आकर्षक और रंगीन रंगोलियां बनाकर सैलानियों का दिल खोलकर स्वागत किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य पर्यटकों को एक खुशनुमा और पारंपरिक माहौल प्रदान करना है। विभाग के कर्मचारियों ने विभिन्न भारतीय कला और संस्कृति को दर्शाते हुए अद्भुत रंगोलियां बनाई हैं। ये रंगोलियां न केवल देखने में सुंदर हैं, बल्कि ये मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक भी प्रस्तुत करती हैं।



## कलेक्टर और एसपी ने मेले की तैयारियों का किया स्थल निरीक्षण

# मां नर्मदा और तवा के संगम पर 3 से 6 नवंबर तक लगेगा बांद्राभान मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नला मुख्यालय से आठ किमी दूर स्थित मां नर्मदा व तवा के संगम स्थल बांद्राभान में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार बांद्राभान मेला 03 से 06 नवंबर तक लगेगा। मेले की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा ने अधिकारियों के साथ बुधवार को मेला स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देश दिए कि मेला अवधि के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें। पार्किंग, परमिट आदि की प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण की जाए। मेला अवधि के दौरान होम गार्ड जवानों की टीम तथा गोताखोर भी मेला स्थल पर उपस्थित रहें। कलेक्टर नें निर्देश दिए की मेला अवधि के दौरान सभी संबंधित अधिकारी मुस्तैद रहे।

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले की व्यवस्थाओं का जयजा लेने कलेक्टर ने मेला स्थल का दौरा किया।



### बुजुर्गजनों से की आत्मीय भेंट, दीपावली की शुभकामनाएं देकर सभी को खिलाई मिठाईयां



दीपावली पर्व के अवसर पर कलेक्टर सोनिया मीना बुधवार को बांद्राभान स्थित आसरा वृद्धा आश्रम पहुंचीं, जहां उन्होंने वृद्धजनों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा मिठाइयां भी खिलाई। साथ ही उन्होने वृद्धजनों को उपहार भी भेंट किए।कलेक्टर ने आश्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठ एवं बुजुर्गजनों से आत्मीय संवाद किया और उनकी दिनचर्या, स्वास्थ्य तथा आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### लाखों की संख्या में आएंगे लोग

एवं सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखी जाए। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री भूपेंद्र चौकसे ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मेला धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा तथा मेले में लगभग 6 से 7 लाख की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### पारदर्शिता से हो दुकान आबंटन

कलेक्टर ने मेला स्थल पर लगने वाली दुकानों के बिजली कनेक्शन एवं झूलों का सुरक्षा प्रमाणन करवाए जाने के लिए भी निर्देशित किया। मेला स्थल पर व्यवस्थित ले आउट डाला जाए। दुकान आवंटन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपादित की जाए।

### समय पर मार्ग को दुरूरत करें

कलेक्टर ने निर्देश दिए की मेला पहुंच मार्ग का सुधार कार्य शीघ्र ही पूरा किया जाए साथ ही जिन स्थानों पर समतलीकरण की आवश्यकता हो वहां मुरम बजरी आदि डाल कर उनका समतलीकरण करवाया जाए। मेला स्थल पर बेरिकेडिंग भी अच्छे से कराएं।

## दीपावली पर नपा ने शहर में चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दीपावली के पावन पर्व पर नगरपालिका द्वारा रविवार को अलसुबह से देर रात तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान समूचे नगर से 55 ट्राली कचरा निकाला गया। खबर लिखे जाने तक स्वच्छता अभियान जारी था। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर दीपावली पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान मोहल्ले, गली और बाजार क्षेत्र से सुबह से शाम होते होते 55 ट्राली से अधिक कचरा निकाला गया। दिन भर सभी स्वच्छतादूत तैनात रहे। वार्डों में निकलने वाले कचरे, गंदगी और अन्य सामग्री एकत्रित कर ट्रालियों में भरा गया। श्री तिवारी ने बताया कि बाजार क्षेत्र में 24 घंटे स्वच्छता दल मौजूद रहेगा। नपा द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान को लेकर नागरिकों ने नपा के प्रति आभार जताया। वहीं पार्षदगणों द्वारा भी भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

नपाध्यक्ष नीतू यादव ने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान घरों में से कचरा निकलता है। जिसके चलते समूची स्वच्छता टीम को सख्त निर्देश दिए गए थे कि जैसे जैसे वार्डों में कचरा निकलता है उसे तत्काल उठाने का प्रबंध करें। किसी भी वार्ड में कचरा न दिखे ऐसी व्यवस्था की जाए। उन्होंने नागरिकों से भी कहा कि घर से निकलने वाले कचरा यहां वहां न फैंककर एक जगह एकत्रित करें और वाहन आने पर उसी में डालें।

## फसल क्षति का शत प्रतिशत सर्वेक्षण कर मुआवजा मुहैया करवाया जाएः कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग की योजनाओं, अभियानों तथा विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर्स को विभिन्न विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कमिश्नर श्री तिवारी ने आगामी रबी फसल सीजन को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए कि सभी नहरों की साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसके उपरांत नहरों से पानी छोड़ने की तिथियां निर्धारित की जाएंगी। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को 30 अक्टूबर तक सभी नहरों की साफ-सफाई पूर्ण करने के निर्देश दिए और कहा कि मरम्मतीकरण एवं साफ-सफाई कार्य का नियमित रूप से फॉलोअप किया जाए।

कमिश्नर ने यह भी कहा कि हाल ही में हुई बारिश के कारण कार्यों में हुई देरी को ध्यान में रखते हुए अब इस पर विशेष रूप से फोकस किया जाए ताकि समय पर नहरो की साफ सफाई एवं मेंटेनेंस पूर्ण हो सकें। बैठक में कमिश्नर श्री तिवारी ने खाद वितरण व्यवस्था पर की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि डबल लॉक केंद्रों एवं समितियों में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि छोटे रकबे वाले किसानों तक खाद की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे रबी फसलों की बुवाई में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। वीसी के दौरान कमिश्नर ने निर्देश दिए की संभाग के तीनों जिलों में संचालित कस्टम हायरिंग सेंटर की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए की कस्टम हायरिंग सेंटर का किसी भी प्रकार से व्यक्तिगत उपयोग ना हो। कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए की जिलों में निष्क्रिय सेंटरों का चिन्हांकन कर उन्हें दोबारा क्रियाशील बनाया जाए।

## राज्यसभा सांसद नारोलिया ने उपराष्ट्रपति से की सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन से उपराष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने उपराष्ट्रपति को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

भेंट के दौरान श्रीमती नारोलिया ने भारतीय परंपरा अनुसार दीपावली पर्व के सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा की तथा देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। उपराष्ट्रपति ने भी उन्हें पर्व की शुभकामनाएं दीं और समाज सेवा के उनके कार्यों की सराहना की।

## गो माता में होता है दिव्यता का वास, उनके समीप शांति की अनुभूति होती हैः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



गौ माता में अलौकिक दिव्यता बसती है। जिससे उनके समीप होने पर अनुपम शांति की अनुभूति होती है। यह बात कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मंगलवार को गोवर्धन पूजन के अवसर पर सुरभि गौशाला में गौ पूजन के दौरान कही। कलेक्टर ने गौशाला पहुंचकर गौ माता को चुनरी ओढ़ा कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वात्सल्य के साथ सहलाते हुए उनका विधिवत पूजन कर उन्हें विशेष गौग्रास जिसमें खिचड़ी, गुड-चापड़, सुदाना, फल आदि का सेवन करवाया। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट श्री बृजेंद्र रावत, पशुपालन विभाग से डॉक्टर शैलेंद्र नेमा, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर सुश्री मीना ने गोवर्धन पर्व के अवसर पर गौशाला में श्रद्धा और भक्ति के साथ गौ पूजन संपन्न करने के उपरांत गौशाला का भ्रमण कर बछड़े को स्नेहपूर्वक दुलार भी किया। इस दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि वह समय निकालकर अवश्य उनके निवास पर स्थित गौशाला में पहुंचकर गौ माता के साथ समय व्यतीत करती हैं। कलेक्टर ने कहा की गौ माता एकमात्र ऐसा पशु है जो कि प्रत्येक दृष्टिकोण से लाभकारी है। इस अवसर पर गौशाला के संचालक पंडित सोमनाथ शर्मा ने बताया कि गौशाला की स्थापना वर्ष 2023 में की गई थी।

## नपाध्यक्ष नीतू यादव ने दीपावली पर की वाहनों की पूजा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर में हर्षोल्लास से मनाई दीपावली नर्मदापुरम। नगर में दीपोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष नीतू यादव द्वारा कार्यालय में पूजन अर्चन की गई। इस दौरान गुप्ता ग्राउंड में नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा वाहन की पूजन कर सभी अधिकारी और कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं गई। इस अवसर पर पार्षद महेश बाबरिया, पूर्व पार्षद जीतू तिवारी, नंदू यादव सहित स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, दल प्रभारी सुनील राजपूत, सतीश यादव, विशाल शर्मा सहित सभी वाहन चालक मौजूद थे। सभी वाहन चालकों और नपा के अधिकारी कर्मचारियों को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा प्रसादी वितरित की गई। वाहन चालकों को नपाध्यक्ष द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

### मोहासा-बाबई में 'ग्रीन फील्ड मैन्युफैक्चरिंग जोन फॉर पॉवर'

## उर्जा आवश्यकताओं को पूरी करने के लिए आकार लेता जिले का विद्युत और नवकरणीय उर्जा आद्योगिक क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मेक इन इंडिया के विजन को साकार करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा नर्मदापुरम जिले के औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई मे 'ग्रीन फील्ड मैन्युफैक्चरिंग जोन फॉर पॉवर एवं रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट' की सौगात जिले के साथ ही पूरे प्रदेश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया की परिकल्पना को मूर्त रूप दिया जा सकेगा। भारत सरकार की इस पहल से मध्यप्रदेश न केवल इस क्षेत्र में अग्रणी बनेगा, बल्कि निवेश और रोजगार सृजन के नए अवसर सृजित होंगे। जिसके तहत



औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई मे म.प्र. विद्युत एवं नवीकरणीय उर्जा के उपकरणों के विनिर्माण क्षेत्र फेस-1 की स्थापना की गई है।

एमपीआईडीसी से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा फेस-1 में 22 इकाइयों को 514.50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। इन इकाइयों से 17,750 करोड़ रूपये के निवेश और 21,777 लोगों के लिए रोजगार का सृजन प्रस्तावित है। इसी प्रकार फेस-1 के अंतर्गत वर्तमान में 6 वृहद इकाइयाँ मेसर्स यू एनर्जी प्रा.लि., मेसर्स लेण्डसमिल रिन्यूएबल्स प्रा.लि., मेसर्स लेण्डसमिल ग्रीन एनर्जी प्रा.लि., मेसर्स लेण्डसमिल ग्रीन इंडस्ट्रीज प्रा.लि., मेसर्स इन्सोलेशन ग्रीन एनर्जी प्रा.लि., मेसर्स रेज ग्रीन एनर्जी मैन्युफैक्चरिंग प्रा.लि. सहित दो एमएसएमई इकाइयाँ मेसर्स सनकोसा एनर्जी प्रा.लि. एवं मेसर्स एक्लेक्टिक डिज़ाइन अपने भूखण्डों पर तेजी से निर्माण कार्य कर रही हैं। अन्य निवेशक भी अपनी इकाई स्थापना संबंधी आवश्यक कार्यवाही कर रहे हैं।

### फेज-2 में 9 इकाइयों को 551 एकड़ भूमि आवंटित

फेस-2 में कुल 9 इकाइयों को 551 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। इसमें 7 इकाइयाँ विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र में और 2 इकाइयाँ औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई के अंतर्गत स्थापित होंगी। इन इकाइयों में कुल 39,210.55 करोड़ रूपये का निवेश और 14,777 लोगों के लिए रोजगार है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा और विकसित भारत पर हुआ वेबीनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

धानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदा पुरम द्वारा उच्च शिक्षा विभाग से प्रायोजित भारतीय ज्ञान परंपरा एवं विकसित भारत विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय वेबीनार के संयोजक डॉ रवि उपाध्याय ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ रामकुमार चौकसे ने भारतीय ज्ञान परंपरा और विकसित भारत विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह वेबीनार अवश्य ही ऐसे विचारों को प्रस्तुत करेगा जो विकसित भारत 2047 के विजन को पूरा करने में सहायक होंगे।

वेबीनार के प्रथम दिन के प्रथम सत्र में अमरावती विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जयंत गुप्ता ने भारतीय ज्ञान परंपरा के परिपेक्ष में व्यवसाय, वाणिज्य एवं लेखांकन विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत में वेद कल से पूर्व से ही व्यावसायिक गतिविधियां प्रारंभ हो गई थी जो सतत विकसित होती रहीं। द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए दरभंगा विश्वविद्यालय बिहार के डॉ बैद्यनाथ झा सर ने मॉडर्न साइंटिफिक इंटरप्रिटेशन ऑफ ऐनसीयंट इंडियन मैक्सिमस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा से डॉ केपी सिंह ने योग, ध्यान और स्वास्थ्य विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंतिम सत्र को डॉ के जी मिश्र ने भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयाम विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रथम दिवस के समापन पर डॉ योगेश खंडेलवाल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

खबर संक्षेप

## डहुआ में डेरी संचालकों ने वितरित की दुग्ध केन



**बैतूल।** दीपावली के त्यौहार पर ग्राम डहुआ के डेरी संचालकों ने अपने किसान सदस्यों को एक खास उपहार देकर खुशियां दोगुनी कर दी। दूध गंगा डेरी के संचालक सुरेश चिकाने और डहुआ डेरी की संचालक मंजू बारंगे ने डेरी से जुड़े सभी किसान सदस्यों को बोनस स्वरूप 10 लीटर की दूध केन वितरित की। संचालकों ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व मात्र 15 लीटर दूध से डेरी की शुरुआत की गई थी, जो आज किसानों की मेहनत और एकजुटता से बढक़र प्रतिदिन 1 हजार लीटर दूध की खरीदी तक पहुंच गई है। मंजू बारंगे ने बताया कि दीपावली जैसे शुभ पर्व पर बोनस के रूप में केन वितरण का उद्देश्य किसानों को प्रोत्साहित करना और उनके परिश्रम का सम्मान करना है। डेरी के सदस्य इस उपहार को पाकर बेहद उत्साहित नजर आए और संचालकों का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के प्रोत्साहन से डेरी व्यवसाय को और बढ़ावा मिलेगा और आने वाले समय में डहुआ गांव जिले में दुग्ध उत्पादन का केंद्र बनकर उभरेगा।

## उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर कलेक्टर ने दी बधाई



**बैतूल।** आदि कर्मयोगी अभियान के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए जिले को मिले राष्ट्रीय सम्मान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन की कुशल कार्यप्रणाली की सराहना की और उन्हें बधाई दी। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने अभियान के सफल क्रियान्वयन में योगदान देने वाले सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विवेक पांडे, सभी जनपद सीईओ एवं जिला अधिकारियों की टीम को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में की गोवर्धन पूजा

**बैतूल।** कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.अरुण सिंह भदौरिया ने बताया कि इस दौरान परंपरागत रूप से बनाए गए गोवर्धन भगवान की विधिवत पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात गौमाता की पूजा कर गोग्रास खिलाया गया। इस अवसर पर गौ आधारित अर्थव्यवस्था पर भी चर्चा की गई।

### नपा में फेस रिकग्निशन अटेंडेंस शुरू, 80 प्रतिशत ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया

# एईबीएएस से लगेगी हाजिरी पालन नहीं तो रुकेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नगरपालिका ने कर्मचारियों की उपस्थिति पर कड़ी निगरानी रखने के लिए ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम अनिवार्य कर दिया है। जिसके माध्यम से अब कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है। दरअसल कई कर्मचारी उपस्थिति दर्ज कराकर लौट जाते थे या अक्सर कार्यालयों में अनुपस्थित रहते थे। कर्मचारियों की इस लापरवाही से नगरपालिका में कामकाज पर असर पड़ता था। जिसके बाद नगरपालिका में एईबीएएस बायोमेट्रिक सिस्टम लागू कर दिया है। इसमें अभी तक 80 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों ने फेस रिकग्निशन अटेंडेंस के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा लिया है। शेष कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन भी जारी है। बता दे कि नगरपालिका बैतूल में करीब 600 के लगभग कर्मचारी है। इन सभी कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम को अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए कर्मचारियों के एनराइड मोबाइल फोन में ई-अटेंडेंस एप की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही ऑफिस में भी फेस रिकग्निशन मशीनें लगाई गई हैं, जहां कर्मचारी अपनी हाजिरी दर्ज कर रहे है। इससे कर्मचारियों की उपस्थिति पर कड़ी निगरानी रहेगी।

### कार्य प्रारंभ और समाप्ति के बाद उपस्थिति कराना होगा दर्ज



नपा में अधिकारियों और कर्मचारियों को एईबीएएस बायोमेट्रिक सिस्टम से उपस्थिति दर्ज करानी पड़ रही है। इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा आदेश जारी किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि समय पर कार्यालय पहुंचना और उपस्थिति दर्ज कराना सभी के लिए अनिवार्य होगा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि यह कदम नगर प्रशासन एवं विकास मंत्रालय भोपाल से प्राप्त निर्देशों के पालन में उठाया गया है। मंत्रालय ने 14 अगस्त 2025 को सभी निकायों को निर्देश दिए थे कि उपस्थिति की निगरानी और प्रबंधन एमपी अटेंडेंस पोर्टल से की जाए। आदेश में कहा गया है कि अब प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को कार्य प्रारंभ और समाप्ति के समय बायोमेट्रिक माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराना होगा। जो कर्मचारी इस निर्देश का पालन नहीं करेंगे, उनकी अनुपस्थिति मानी जाएगी।

### उपस्थिति दर्ज नहीं, तो नहीं मिलेगा वेतन

नगरपालिका में कार्यरत कर्मचारियों को एनराइड मोबाइल फोन में ई-अटेंडेंस एप की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही ऑफिस में भी फेस रिकग्निशन मशीनें लगाई गई हैं, जहां कर्मचारियों को हाजिरी लग रही है। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अक्टूबर माह में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उपस्थिति दर्ज नहीं करता है, तो उसके वेतन भुगतान पर संकट आ सकता है और इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी की होगी। सीएमओ ने कहा कि यह व्यवस्था पारदर्शिता बढ़ाने और कार्य अनुशासन बनाए रखने के लिए लागू की जा रही है। उन्होंने सभी शाखा प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि आदेश का सती से पालन कराएं।

### कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में आएगा सुधार

नगरपालिका प्रशासन ने साफ निर्देश दिए हैं कि अब कर्मचारियों की उपस्थिति मोबाइल एप के माध्यम से ही मान्य होगी। नगरपालिका परिसर में प्रवेश करने के बाद ही कर्मचारी एप से अपनी हाजिरी दर्ज करेंगे। यदि कोई कर्मचारी अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करता है, तो उसके उस दिन का वेतन काटा जाएगा। साथ ही चेतावनी दी गई है कि जो कर्मचारी नियमित रूप से उपस्थिति नहीं देंगे, उनका नवंबर माह का वेतन रोका जा सकता है। नगरपालिका का यह कदम कर्मचारियों में अनुशासन और पारदर्शिता लाने की दिशा में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। प्रशासन को उमीद है कि ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था से कार्यप्रणाली में सुधार आएगा और कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित होगी।

### रजिस्ट्रेशन का कार्य जारी है

नगरपालिका में अटेंडेंस पोर्टल पर फेस के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। नपा में 80 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों के फेस रिकग्निशन अटेंडेंस के लिए पंजीयन हो चुका है। शेष कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन का कार्य भी जारी है।

- सतीश मटसेनिया, सीएमओ नगरपालिका बैतूल

### कंपनी डायरेक्टर 30 लाख गबन के आरोप से बरी

## 10 साल पुराने मामले में अभियोजन 66 गवाह के बावजूद असफल

**बैतूल।** आमला में एडीजे कोर्ट ने आर.बी.एन. इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर रामनिवास को 30 लाख रुपए के गबन के आरोप से बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ अपराध साबित करने में असफल रहा। यह मामला लगभग 10 साल पुराना है। कंपनी ने 25 सितंबर 2010 से 30 अक्टूबर 2015 के बीच छोटे व्यापारियों और निवेशकों से धनराशि जमा की थी। बाद में कंपनी ने अचानक अपना कार्यालय बंद कर दिया और फरार हो गई। इस संबंध में श्याम कुमार पाटोदिया ने 25 जुलाई 2017 को आमला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि कंपनी के डायरेक्टर रामनिवास और अन्य निदेशकों ने लगभग 30 लाख रुपए का गबन किया और निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की। कंपनी स्वयं को लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की कॉर्पोरेट एजेंट बताती थी। यह पॉलिसी बॉन्ड बेचने और रियल एस्टेट में निवेश कराने का काम करती थी। शिकायतकर्ता पाटोदिया भी कंपनी में एक निवेशक थे। मामला मध्यप्रदेश निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2000 के तहत भी दर्ज किया गया था। विवेचना अधिकारी विजय राव माहोरे ने जांच के दौरान सेबी और कॉर्पोरेट मंत्रालय से कंपनी की जानकारी मांगी थी। विवेचना में कुल 66 गवाह और 85 दस्तावेज पेश किए गए। सेबी की महाप्रबंधक निर्मल कुमार मेहरोत्रा और डिप्टी रजिस्ट्रार अंजनी सुजानिया ने अदालत में गवाही दी कि रामनिवास कंपनी का डायरेक्टर था। हालांकि, गवाहों ने यह भी कहा कि घटना के समय वह कंपनी के सीएमडी थे या नहीं, यह बताना संभव नहीं है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता राजेंद्र उपाध्याय ने दलील दी कि विवेचना के दौरान यह प्रमाणित नहीं हुआ कि आरोपी अपराध के समय डायरेक्टर था। अधिवक्ता ने यह भी तर्क दिया कि विवेचक ने एसपी बैतूल से आवश्यक अनुमति लिए बिना मध्यप्रदेश निक्षेपकों के संरक्षण अधिनियम के तहत अग्रिम विवेचना की, जिससे प्रक्रिया दोषपूर्ण हो गई। लंबी सुनवाई के बाद न्यायालय ने माना कि अभियोजन पक्ष अपराध को संदेह से परे प्रमाणित करने में असफल रहा, इसलिए आरोपी को बरी किया जाता है। हालांकि, रामनिवास की जेल से रिहाई नहीं हो सकी, क्योंकि उनके विरुद्ध अन्य जिलों में भी अन्य प्रकरण लंबित हैं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**बैतूल।** चिचोली में आलमपुर जोड़ के पास एक सडक़ हादसे में चिचोली निवासी राजू (48 वर्ष) की मौत हो गई। उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार, राजू अपने मामा के घर आलमपुर जोड़ गए थे। वापस लौटते समय सडक़ निर्माण स्थल पर लगे बैरिकेड्स के पास एक ट्रक ने ओवरटेक करते हुए उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में राजू गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल राजू को पहले चिचोली अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल बैतूल रेफर किया गया। परिजनों के मुताबिक, गढ़ा जोड़ के पास ऑक्सीजन की कमी के चलते उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। यह हादसा राजपुत ढाबे के सामने हुआ। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

## अम्मा की गौशाला में गोवर्धन पूजा कार्यक्रम हुआ संपन्न



**सारनी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सारनी के तत्वावधान में अम्मा की गौशाला परिसर में गोवर्धन पूजा का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत के नेतृत्व में एवं नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष जगदीश पवार की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौमाता (गोवर्धन पूजा) की पूजन-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यकर्ताओं ने परंपरागत रीति से गोवर्धन पर्व का उत्सव मनाते हुए गोवर्धन पर्वत की प्रतिकृति बनाकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने गौसेवा का संकल्प लिया। अपने उद्बोधन में नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति, गौवंश एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा है और समाज को इस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए। मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत ने कहा कि अम्मा की गौशाला में ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल आस्था को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि समाज में एकता और सद्भाव का प्रतीक भी हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### प्रशिक्षु डीएसपी शैफा हाशमी को गंज थाने का प्रभार

## कोतवाली टीआई सक्सेना को हटाकर नीरज पाल को सौंपी कमान

**बैतूल।** पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने बुधवार को शहर के पुलिस अधिकारियों की पदस्थापना में महत्वपूर्ण बदलाव किया हैं। इस फेरबदल में वर्तमान में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सक्सेना को कोतवाली से हटाकर रक्षित केन्द्र बैतूल भेजा गया है। उनकी जगह पर अब थाना गंज के प्रभारी निरीक्षक नीरज पाल को कोतवाली का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं, गंज थाने का स्वतंत्र प्रभार प्रशिक्षु डीएसपी शैफा हाशमी को सौंपा गया है। सत्यप्रकाश सक्सेना को कुछ समय पहले ही स्थानांतरित कर कोतवाली प्रभारी बनाया गया था। वह जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ रहकर अपनी सेवाएं देते रहे हैं, उनके कार्यकाल के दौरान कई गंभीर मामलों की जांच जारी थी, प्रशासनिक कारणों के चलते उन्हें रक्षित केंद्र बैतूल में पदस्थ किया गया है। वही प्रशिक्ष डीएसपी शैफा हाशमी को प्रशिक्षण अवधि के दौरान बेहतर प्रदर्शन के चलते गंज थाने का स्वतंत्र प्रभार सोंपा गया है। यह उनके लिए पुलिस सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है, इस दौरान शुश्री हाशमी विभिन्न कार्यवाहियों से एएसपी कमला जोशी को अवगत कराएंगी। प्रशिक्षु डीएसपी शैफा हाशमी मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी भोपाल के 43वें बैच की अधिकारी हैं। इस अवधि में शैफा हाशमी को अपनी मेंटॅार अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी के समक्ष प्रशिक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है।

# गोवर्धन पूजा का आयोजन विधायक ने की पूजा-अर्चना

**शाहपुर।** नगर में गोवर्धन पूजा का पर्व पूरे उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। गौशालाओं में घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने सर्वप्रथम गोवर्धन भगवान की पुजा अर्चना की। पंडित नर्मदा प्रसाद जोशी द्वारा मंत्रोच्चार किया और सामुहिक आरती की। विधायक श्रीमती उइके ने गायों की सेवा की, उन्हें चारा खिलाया और आरती उतारी। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र के अहंकार को दूर करने की कथा सुनाई और गौसंवर्धन का संदेश दिया। विधायक ने सभी से अपील कर कहा कि जन्मदिन एवं शुभ कार्य व रसोई में स्मृति में गौदान करने से गोवर्धन परिक्रमा का पुण्य लाभ मिलता है। सभी मिलकर गौशाला में आर्थिक सहयोग करना चाहिए। जिससे लावारिस हालत में गौ पशु को लाभ मिल सके और



गौशाला का विकास हो सके। विधायक श्रीमती उइके ने कहा कि इस गौशाला में सौर ऊर्जा पेनल लगाने का प्रयास करेंगे। जिससे गौशाला में बिजली की परेशानी हो। मंच संचालन राहुल साहू ने किया।

### गाजे बाजे से गोवर्धन पूजा

**शाहपुर।** ग्राम सिलपटी में खेड़ापति माई मंदिर के प्रांगण में गोवर्धन पूजा का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें गौ माता को नहलाकर पूर्ण रूप से सजाकर विधि विधान से पूजन अर्चना की गई। बाजे गाजे के साथ नृत्य कर गोवर्धन पूजा की गई। ग्राम के सभी घरों में गौ माता के गोबर से गोवर्धन भगवान के स्वरूप को रूप दिया गया। पूजा अर्चना कर मिठाई पटाखे चलाए गए।

## राष्ट्रीय साक्षरता मिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जिले को मिला सम्मान

**बैतूल।** राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण भारत सरकार नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा में बैतूल जिले ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि के लिए राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल में विगत 15 अक्टूबर को आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, डीपीसी भूपेंद्र वरकड़े एवं जिला सह-समन्वयक को संचालक राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि 20 सितंबर 2025 को संपन्न हुई इस परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे वयस्कों को शामिल किया गया था जिन्होंने औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं की थी।

## थोक व जनरल किराना व्यापारियों का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**बैतूल।** थोक एवं जनरल किराना व्यापारियों का दीपावली मिलन समारोह का आयोजन होटल आभाश्री, सिविल लाइन बैतूल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, पूर्व विधायक निलय डागा, कर सलाहकार



एवं पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, थोक एवं जनरल किराना संगठन के अध्यक्ष बंटी मोटवानी, सचिव प्रवीण गुगनानी, युवा भाजपा नेता एवं कर सलाहकार योगी खंडेलवाल, चंदूमल थारवानी, मोहन गुप्ता, भगवती अग्रवाल, ब्रजकपुर, प्रवीण भाई दोषी, नरेंद्र हिराणी, मनोज भार्गव, आदि रहे मौजूद।

## जिले में सोयाबीन खरीदी सुव्यवस्थित ढंग से की जाएं: कलेक्टर सूर्यवंशी




**बैतूल।** भावांतर भुगतान योजना के तहत मंडियों में सोयाबीन की खरीदी शासन निर्देशों के अनुरूप सुव्यवस्थित ढंग से की जाएं। एसडीएम सजगता और गंभीरता से अपने क्षेत्र में खरीदी कराएं। यह निर्देश कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में उपार्जन संबंधी अधिकारियों को दिये। उन्होंने उप संचालक कृषि को निर्देशित किया कि उपार्जन से पूर्व अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों, मंडी सचिव एवं संबंधी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें खरीदी संबंधी आवश्यक दिशा निर्देशों से अवगत कराएं। उन्होंने सभी एसडीएम को सोयाबीन सत्यापन की कार्यवाही भी प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सूर्यवंशी ने बैठक में आरसीएमएस पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की भी तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने सख्त निर्देशित किया कि अविवादित नामांतरण, बटवारा और धारणाधिकार के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने राजस्व वसूली में भी गति लाने के निर्देश दिए।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी और एसडीएम ने किया निरीक्षण

# कचरा खंती को हटाए जाने की कवायद प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मसोद रोड पर स्थित नगरपालिका की कचरा खंती जो कल तक नगर की सीमा से बाहर थी , आज रहवासी क्षेत्र का हिस्सा है। यह कचरा खंती इसके आसपास रहने वालों के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर संकट है। जिसे हटाकर नगर की सीमा से दूर ले जाए जाने की मांग लंबे समय से की जाती रही है, किंतु कोई हल नही निकला। हाल ही में मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड छिंदवाड़ा के क्षेत्रीय अधिकारी अरविंद तिवारी, एसडीएम राजेश कहार, नगर पालिका के उपयंत्री योगेश अनेराव ने कचरा खंती का निरीक्षण कर पंचनामा बनाया है। जिसके बाद यह माना जा रहा है कि अब मासोद रोड स्थित नगरीय सीमा की कचरा खंती को हटाए जाने की कवायत प्रारंभ हो गई है। यहां उल्लेखनीय है कि नगरी सीमा में स्थित कचरा खंती से आवासीय क्षेत्र के लोगों पर पढने वाले दुष्प्रभाव एवं पर्यावरण को हो रहे नुकसान को देखते हुए इस क्षेत्र के निवासी गुड्डू पाटेकर ने उक्त मामले की शिकायत मध्य प्रदेश प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड से की थी जिसकी जांच के लिए प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, राजस्व एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम (डंप साइट या गार्बेज पिट) कचरा खंती स्थल पहुंची थी। नगर पालिका के अधिकारी एवं तहसीलदार ने मासोद रोड स्थित कचरा खंती को हटाकर दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए, शासन की रिक्त भूमि की तलाश में जुट गए हैं माना जा रहा है कि शीघ्र ही इस समस्या का स्थाई हल निकाला जा सकेगा।

### बढ़ते रहवासी क्षेत्र के चलते स्थान परिवर्तन आवश्यक

### यह कैसा कचरा प्रबंधन खर्च ही खर्च नतीजा कुछ भी नहीं

मुलताई नगर पालिका ने पिछले 5 वर्षों में कचरा प्रबंधन के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए किंतु करोड़ों रुपए खर्च के बावजूद भी यहा कचरा प्रबंधन कहीं दिखाई नहीं देता। कचरा प्रबंधन के जानकार बताते हैं कि कचरा प्रबंधन कुछ लोगों के लिए जेब प्रबंधन साबित हुआ है, अब इसमें किसको क्या मिला यह अंदर की बात है। किंतु फिलहाल कचरा प्रबंधन के नाम पर कचरा मैदान की स्थिति निरंतर खराब होते जा रही है और पूर्व में नगर पालिका द्वारा यहां बनाए गए तालाब में भी कचरा डाला जा रहा है जिसके कारण आसपास के जल स्रोत का जल दूषित हो रहा है।

### नपा राजस्व टीम मिलकर करेगी भूमि की तलाश



मुलताई नगर का आवासीय क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है जिसे देखते हुए डंप कचरा साइट बदलना आवश्यक हो गया है वही अब नगर पालिका को ऐसा स्थान की आवश्यकता होगी जो नगर की सीमा से कम से कम 4 से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हो क्योंकि नगर की सीमा से लगभग 2 किलोमीटर का एरिया अवैध कॉलोनीयों ने भर दिया है और आगामी 5 वर्षों में नगर से होकर गुजरने वाले 7 मुख्य मार्गो पर 1 किलोमीटर आवासीय क्षेत्र और बढ़ जाएगा, इसलिए नगर पालिका और राजस्व टीम को ऐसे स्थान की तलाश करनी होगी कि आगामी 20 वर्षों तक आवासीय क्षेत्र और कचरा खंती में निश्चित दूरी बनी रहे।

### निरीक्षण किया

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एसडीएम और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने वर्तमान कचरा स्थल का निरीक्षण किया है। प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि बढ़ते रहवासी क्षेत्र को देखते हुए स्थान परिवर्तन आवश्यक है। एसडीएम ने तहसीलदार से मिलकर स्थान परिवर्तन के लिए भूमि चयन में चर्चा के लिए कहा है।

योगेश अनेराव, उपयंत्री, नगरपालिका मुलताई

## संक्षेप खबर

### इनामी जस प्रतियोगिता ग्राम गूजरखेड़ी में आज

**सोहागपुर।** सोहागपुर के ग्राम गूजरखेड़ी में विशाल इनामी जस प्रतियोगिता का आयोजन आज किया जाएगा। आयोजक अहिरवार समाज गूजरखेड़ी की ओर से प्राप्त जानकारी अनुसार गांव में गुरुवार रात्रि आठ बजे से यह प्रतियोगिता संत शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज की प्रेरणा से प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11,001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 5001 रुपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपये निर्धारित है। वहीं अन्य सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में 20 से अधिक जस मंडलों को आमंत्रित किया गया है।

### बावड़ी वाले मंदिर में अन्नकूट रविवार को

**सोहागपुर।** नगर के मुख्य बाजार स्थित श्री बिहारी जी श्री नरसिंह मंदिर बावड़ी वाला में रविवार को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर पुजारी महंत हरीकिशन दास महाराज से प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार 26 अक्टूबर दोपहर 12 बजे से मंदिर में अन्नकूट महोत्सव प्रारंभ होगा। जिसमें पूजन व महाभोग उपरांत प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान श्री कृष्ण भजनों की प्रस्तुति भी होगी।

## सोहागपुर जनकल्याण समिति ने की रेलवे सुविधाओं की मांग

# जबलपुर डीआरएम व जनप्रतिनिधियों को भेजे मांग पत्र के रिमाइंडर लेटर

**जन कल्याण समिति सोहागपुर ने क्षेत्र में रेलवे सुविधाएं बढ़ाने जबलपुर डीआरएम सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को पत्र भेजे थे। अब गत दिनों समिति ने सभी को रिमाइंडर लेटर भेजकर मांगें दोहराई हैं।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जन कल्याण समिति सोहागपुर ने क्षेत्र में रेलवे सुविधाएं बढ़ाने जबलपुर डीआरएम सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को पत्र भेजे थे। अब गत दिनों समिति ने सभी को रिमाइंडर लेटर भेजकर मांगें दोहराई हैं।

हरिभूमि प्रतिनिधि से चर्चा में सोहागपुर जन कल्याण समिति अध्यक्ष रामनिरंजन जायसवाल ने बताया कि सोहागपुर में वर्षों से बंद पैसेंजर ट्रेन की सुविधा बढ़त की मांग की गई थी। जबलपुर से इटारसी की ओर सुबह 9:20 बजे एवं इटारसी से जबलपुर की ओर सुबह 5:25 बजे मेमो ट्रेन है। इनके बाद कोई पैसेंजर ट्रेन छोटे स्टेशनों की यात्रा के लिए नहीं है। कटनी-भुसावल पैसेंजर ट्रेन सोनतलाई व गुर्रा स्टेशन पर बहुत देर तक रोकने की समस्या के निदान की मांग की गई थी। जनता एक्सप्रेस 13202 डाउन का स्टॉपेज पूर्वानुसार प्रतिदिन दोपहर में करने की मांग भी की गई थी। सभी मांगों का ध्यानाकर्षण पत्र भेजा गया है। मांग पत्र पर समिति के उपाध्यक्ष चेतेंद्र दीक्षित, पूर्व व्यापारी संघ अध्यक्ष मुकेश मालवीय, पार्षद जमील खान व धर्मदास बेलवंशी, नागरिक संघर्ष समिति संयोजक अधिवक्ता शिवकुमार पटेल, स्टीफन पॉल, लक्ष्मी नारायण मौर्य आदि ने मांगों के समर्थन में हस्ताक्षर किए गए हैं।

### ये मांगें भी शामिल

पत्र में नगर के रेलवे स्टेशन के दो नंबर प्लेटफार्म को ऊंचा करने व इनकी लंबाई बढ़ाने, प्लेटफार्म्स पर डिस्प्ले बोर्ड लगाने, बीना व अमरकंटक एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज का समय बढ़ाने की भी मांग की गई है। नगर सोहागपुर में रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण की मांग भी की गई है।

### पर्यटन स्टेशन बनाना आवश्यक

रामनिरंजन जायसवाल के अनुसार सोहागपुर के समीप स्थित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की मढ़ई टूरिज़्म जोन में हजारों पर्यटक आते हैं। अतः सोहागपुर में ताप्ती गंगा, ओवरनाइट, संघमित्रा व इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग भी की गई है। पर्यटक नर्मदापुरम्, पिपरिया व इटारसी रेलवे स्टेशनों से आते-जाते हैं जबकि मढ़ई का समीपस्थ रेलवे स्टेशन सोहागपुर है। मढ़ई क्षेत्र का लाभ सोहागपुर में बड़ी ट्रेनों के स्टॉपेज से मिलेगा और यह तब होगा जब सोहागपुर को पर्यटन स्टेशन का दर्जा मिले। इसलिये सोहागपुर को पर्यटन स्टेशन घोषित करने की मांग भी की गई है।

## संस्कृति और आस्था का संगम आदिवासियों का 'मड़ई त्योहार'



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

दीपावली के बाद ग्रामीण और विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में 'मड़ई त्यौहार' की धूम शुरू हो जाती है। यह उत्सव केवल एक मेला नहीं है, बल्कि आदिवासी संस्कृति, परंपरा और आस्था का जीवंत प्रतीक है, जो आमतौर पर कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष से शुरू होकर फाल्गुन मास तक अलग-अलग गाँवों में मनाया जाता है। कई जगहों पर यह दीपावली के बाद भाई दूज के दिन से ही शुरू हो जाता है।

### त्योहार का महत्व

मड़ई का आयोजन ग्रामीण संस्कृति के वार्षिक उत्सव के रूप में होता है। यह त्यौहार लोगों को एक-दूसरे से मिलने-जुलने, दूरदराज के संबंधियों से मेल-मिलाप करने और अपनी समृद्ध परंपरा का प्रदर्शन करने का अवसर देता है। इसे 'देव मेला' या 'देव मिलन' भी कहा जाता है, जहाँ गाँव के देवी-देवताओं की ध्वज और डांग (डोरी) के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है और उन्हें सामूहिक रूप से मेला स्थल पर लाया जाता है।

### आकर्षण का केंद्र राउत नाचा, अहीरी नृत्य

मड़ई का सबसे बड़ा आकर्षण पारंपरिक राउत (यादव) समाज का 'अहीरी' या 'राउत नाचा' होता है। आकर्षक पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे राउत टोलियाँ विशेष वाद्य यंत्रों के साथ नृत्य करते हैं और गाँव के हर घर जाकर समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं। वे वीरता के दोहे भी गाते हैं।

### मेला और खरीदारी

मड़ई एक छोटे बाजार की तरह लगती है। यहाँ झूले, रहेंट, मिठाई, चाट, खिलौनों की दुकानें लगती हैं, जहाँ ग्रामीण और दूर से आए मेहमान खरीदारी करते हैं। कृषि उपयोगी सामग्री की खरीददारी भी होती है।

### पारंपरिक मान्यताएं

मड़ई में कई अनूठी परंपराएं भी देखने को मिलती हैं। उदाहरण के लिए, कई स्थानों पर संतान प्राप्ति की कामना के लिए निसंतान महिलाएं पेट के बल लेटकर विशेष पूजा करती हैं और देवी-देवताओं के बैगा (पुजारी) उनके ऊपर से गुजरते हैं।

यह त्यौहार पशुधन (विशेषकर गाय-बैल) के प्रति सम्मान व्यक्त करने का भी माध्यम है, जिनकी दीपावली के दौरान विशेष पूजा की जाती है।

## पंचायतों में हो रही मनमानी लगा रहे शासन को चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र कि सभी शामिल पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक जो मनरेगा योजना तैयार करने पर भर्ती कराए गए थे। तत्कालीन सरकार ने 9000रुपे मासिक पर रखा गया था। लेकिन तत्कालीन सरकार ने 18000रूपे वेतनमान कर दिया है। लेकिन अभी भी सरपंच सचिव बताते हैं कि यह लोग पीएम आवास योजना से लाभान्वित होने वाले लोगों से तथा अन्य योजनाओं का लाभ उठा रहे लोगों से अतिरिक्त राशि भी लेते रहते हैं। उसके बाद भी भी अतिरिक्त कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा अधिकारी के आदेश अनुसार रोजगार सहायक को ब्रांड बैंड, डेटा रिचार्ज हेतु 1000रुपे के भुगतान कराने के आदेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए गए हैं। लेकिन अभी भी रोजगार सहायक सरपंच सचिव से इसी खर्च करने के नाम पर 2000रुपे की मांग करते हैं। तथा बसूला भी जा रहा है।इस तरह से रोजगार सहायक भी कहीं से भ्रष्टाचार में कहीं भी पीछे नजर नहीं आ रहे हे। इस कारण लगातार सरपंच सचिव अपनी पंचायत से तबादला कराकर काम करने की बात कर रहे हैं। इस विषय पर तत्कालीन जिपं सीईओ सौजान सिंह ने मनरेगा के द्वारा लिखा गया था। पर उसके बाद भी जपं सीईओ प्रबल अरजरिया ने बताया कि उन्हें अभी जानकारी नहीं है। तथा यह उनका अधिकार नहीं है। जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला के पास अधिकार है। रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष ओमकार सिंह पटेल ने बताया कि उन्हें तत्कालीन जिला सीईओ का आदेश मिला है। उसी अनुसार काम किया जा रहा है।

## दीपावली पर मुस्लिम विकास समिति ने बांटी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

दीपावली पर मुस्लिम विकास समिति सोहागपुर ने सद्भाव व भाईचारे की मिसाल पेश की। समिति ने सोहागपुर के मातापुरा वार्ड व बाजार में बच्चों को नए कपड़े वितरित किये। समिति की इस पहल की जन सराहना हुई है।

समिति सदस्यों ने सोमवार दोपहर शहर में भ्रमणकर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को चिन्हित किया व बच्चों को समिति ने कपड़े भेंट किए। नए वस्त्र पाकर बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान ने भावनात्मक और प्रेरणादायक दृश्य बनाया। मुस्लिम विकास समिति अध्यक्ष निजामुद्दीन खान ने कहा कि समिति का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों तक खुशियां पहुंचाना है, ताकि कोई भी बच्चा त्यौहार की खुशी से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल वस्त्र वितरण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जन सद्भाव और इंसानियत को बढ़ावा देने का संदेश भी देती है। पूर्व नपाध्यक्ष अभिलाष सिंह चंदेल ने भी समिति सदस्यों के साथ वस्त्र वितरित किए।

इस दौरान समिति प्रतिनिधि डॉ. जोएब अली, उमर बाबा, इमरान, इरफ़ान, मोईनुद्दीन, आदाब, तोसिफ, एहसान, फिरोज, अल्ताफ और अदनान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों को मिठाई व शुभकामनाएं देकर त्यौहार की खुशियां साझा कीं। स्थानीय लोगों ने मुस्लिम विकास समिति की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में इंसानियत और भाईचारे को मजबूत बनाते हैं।

## पिपरिया विधायक नागवंशी ने किया गोवर्धन का पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 139 के विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने गोवर्धन पर्वत की गोशाला नंदवाडाग्राम पंचायत के भूचाल गांव में नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित गौशाला में विधायक ठाकुर दास नागवंशी, पिपरिया नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर एवं अन्य सभी शामिल हुए लोगो की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें विधायक द्वारा गौ माता का भी पूजन किया गया।गौ शाला परिसर में गोवर्धन पर्वत बनाया गया। पूजन आरती आदि धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत पूजा करके समस्त गोवंश को हरा चारा भी खिलाया गया है। मोरपंख, गैंठा आदि बांधकर सजाया गया। उसके बाद विधायक से लोगों ने सड़क निर्माणकार्य की भी मांग कीहै तो विधायक ने बनवाने को लेकर आस्वान दिया गया था। तथा सभी को दीपावली कि हार्दिक शुभकामनाए बधाई दी।

### महिलाओं ने की अवैध शराब बिक्री रोकने की शिकायत

पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत डापका कि सरपंच विनीता उइके ने अपने लेकर हेड पर तथा अन्य दर्जन भर महिलाओं ने स्टेशन रोड थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। तथा दीपावली पर नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा था।की अचानक दिनेश पिता छन्नू लाल यादव एवं अन्य लोगों के द्वारा महिलाओं को गाली गलौज करने वाले आरोपी को पुलिस अधिकारी से कार्यवाही करने की मांग कीहै। तथा एक दूसरे आवेदन सोपा गया है। जिसमें भूरिया बाई अध्यक्ष नारी शक्ति संगठन ने बताया कि उन्हें अपमानित किया गया है। तथा दिनेश यादव,शार्क दीवाना ने सभी जनप्रतिनिधियों को संगठित महिलाओं को गन्दी गन्दी गालियां देते हुए शराब बेचने पर प्रतिबंध लगाने वाले को धमकाने का काम किया है। समस्त महिला मोर्चा आदिवासी समुदाय से हैं। विकास खण्ड स्तरीय आदिवासी विकास परिषद क्षेत्र के अध्यक्ष नीतीराज ठाकुर के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा है।

## धूमधाम से मनाई दीपावली, श्री लक्ष्मी पूजन के बाद की आतिशबाजी, दी एक दूसरे को बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



दीपपर्व दीपावली सोमवार रात धूमधाम से आतिशबाजी व मां लक्ष्मी पूजन के साथ संपन्न हुआ। नागरिकों ने मुहूर्त में अपने निवास व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर मां लक्ष्मी व श्री गणेश का पूजन किया। विविध सामग्री से मां लक्ष्मी की पार्थिव प्रतिमाओं व चित्रों का अद्भुत श्रृंगार कर सनातनियों ने पूजन किया। पूजन के बाद आतिशबाजी कर दीपावली पर्व का आनंद छोटे बड़े सभी उम्र के नागरिकों ने लिया।

नागरिकों ने पूजनोपरांत एक दूसरे के निवास पर पहुंचकर आपस में शुभकामनाएं दी एवं परंपरा अनुसार मिष्ठान्न भी वितरित किया। दीपावली पर्व का सर्वाधिक आनंद बच्चों ने उठाया तथा देर रात तक आतिशबाजी की। विधायक विजयपाल सिंह तथा नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल सहित अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों को दीपपर्व की बधाई दी हैं। देर रात तक क्षेत्र में आतिशबाजी की धूम सुनाई देती रही।

### सनातन से लगाव

दीपावली के अवसर पर नई पीढ़ी का सनातन पद्धतियों व पुश्तैनी पारिवारिक व्यवसाय तथा कार्यों से लगाव देखने में आया। स्थानीय कई दुकानों व प्रतिष्ठानों पर संचालकों की उपस्थिति में उनके परिवारों की युवा पीढ़ी ने पूजन किया। नागरिकों ने नई पीढ़ी के सनातन संस्कृति के प्रति जुड़ाव व सम्मान को देख खुशी व्यक्त की है।

## शासकीय गोशालाओं में किया गोवर्धन पूजन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

दीपावली के दूसरे दिन सनातनी गोवर्धन पूजा करते हैं, इसमें गोवंश गोबर से बने गोवर्धन पर्वत की पूजन की जाती है। इस बार मप्र शासन की योजनानुसार बुधवार को शासकीय गोशालाओं में गोवर्धन पूजा की गई।

ग्राम सिटियागोहना की नंदिनी गोशाला में ग्रापं सरपंच सुरेश कुशवाहा ने गोवर्धन पर्वत की पूजा की। सरपंच सुरेश कुशवाहा सहित सोहागपुर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल व नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी ने गोवंश का पूजन भी किया। अन्य गोशालाओं में भी आयोजन किये गए।

## नगर परिषद अध्यक्ष ने सफाई मित्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



बागली नगर परिषद अध्यक्ष ने दीपावली के अवसर पर सफाई मित्रों और नगर परिषद से जुड़े अन्य कर्मचारियों का सम्मान किया। दीपावली पर्व पर नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव एवं नगर परिषद महासंघ प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव ने स्थानीय नगर परिषद के सफाई मित्रों एवं जलप्रदाय सहित अन्य प्रबंधन व्यवस्था में लगे कर्मचारियों को घर आमंत्रित कर, मिठाई खिलाकर एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान 40 से अधिक सफाई मित्र एवं जलप्रदाय व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों सहित पत्रकारो का भी सम्मान सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सीमा यादव ने महिला सफाई मित्रों का एवं पुरुष सफाई मित्रों का सम्मान करते हुए कहा कि हमें आप सभी पर गर्व है आपकी वजह से बागली इस वर्ष वन स्टार रैंक में आया है। आने वाले समय में स्वच्छता के मामले में बागली नगर परिषद को जिले में प्रथम स्थान दिलवाना हम सभी का दायित्व है। सफाई मित्रों ने भी स्वच्छ बागली स्वस्थ बागली की आवाज बुलंद करते हुए कहा की आने वाले समय में बागली नगर परिषद को नंबर वन नगर परिषद बना दिया जाएगा। जल प्रदाय कर्मचारी एवं विद्युत व्यवस्था कर्मचारियों की वजह से नगर में पर्याप्त पानी और पर्याप्त विद्युत व्यवस्था बनी रहती है। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव ने बताया कि हम सभी को संयुक्त प्रयास से आने वाले समय में बागली नगर का चहुमुंखी विकास करना है। इस दौरान पार्षद अमित धुलीया, मोहनलाल मानधन्या, योगेश खेरवार आदि उपस्थित रहे।

## कायस्थ समाज का धार्मिक आयोजन

# कलम दवात की पूजन आज होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




शहर में अखिल भारतीय कायस्थ समाज द्वारा दूज के दिन कलम दवात की पूजा अर्चना की जाएगी। समाज ने स्वजाति बंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही है । दूज के दिन कलम दवात की पूजा होगी।

चित्रगुप्त घाट स्थित चित्रकूट मंदिर में चित्रगुप्त भगवान की पूजा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 4 बजे से होगा। इस दौरान चित्रगुप्त भगवान की पूजा अर्चन हवन और महा आरती की जाएगी। प्रसादी का वितरण किया जाएगा। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव और मातृ शक्ति कि जिला अध्यक्ष ज्योति अभय वर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। पंडित संदीप तिवारी द्वारा पूजा अर्चना और हवन कराया जाएगा।

मंदिर की साज सज्जा , मनोकामना होती है पूरी

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव एवं मातृशक्ति जिला अध्यक्ष ज्योति अभय वर्मा ने बताया कि मंदिर में भगवान का श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर का द्वार भी बहुत ही सुंदर तरीके से लगाया गया है और मंदिर की साज सज्जा की गई है। चित्रगुप्त भगवान की प्रतिमा लगभग 50 से 70 वर्ष पुरानी है और उक्त प्रतिमा बड़ी चमत्कारी है जो भी भक्त या व्यक्ति भगवान के दर्शन और पूजा अर्चन करते हैं उनकी हर संभव उनकी मनोकामना पूर्ण होती है । ज्योति अभय वर्मा ने बताया कि चित्र मंदिर में सुबह से ही भगवान के दर्शन के लिए कतार लग जाती है ।

## पुलिस की जनता को सलाह- त्योहार पर आगजनी व साइबर फ्रॉड से बचें नागरिक

### चलाया जा रहा जनजागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



त्योहारी सीजन में जनता सभी पर्व शांतिपूर्वक ढंग से मनाए, इसकी अपील सोहागपुर पुलिस द्वारा की गई है। एसडीओपी संजू चौहान व टीआई ऊषा मरावी के अनुसार त्यौहारों के दौरान जनता साइबर फ्रॉड संबंधी सावधानियां रखे व ऑनलाइन खरीदी विश्वस्त वेबसाइट से करें, लिंक ऑफर्स से बचें, सुरक्षित भुगतान विधि का उपयोग करें गेजेट्स अपडेट रखें एवं क्लिक करने से पहले सोचें। एएसआई गणेश राय के अनुसार पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि साइबर फ्रॉड की सूचना नंबर 1930 पर करें व व्हाट्सएप से APK डाउनलोड ना करें क्योंकि इससे मोबाइल हैक हो सकता है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पटाखे जलाते समय सिंथेटिक या ढीले कपड़े ना पहनें, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों तथा तंग गलियों या बालकनी में पटाखे ना चलाएं। बुजुर्गों की उपस्थिति में ही बच्चे पटाखे चलाएं। आगजनी होने पर थाना सोहागपुर के व्हाट्सएप नंबर 7587619471 या पुलिस सहायता वाहन 112 पर सूचना दें। 112 वाहन नोडल पाइंट बस स्टैंड पर व नप फायर फाइटर का नोडल पाइंट पटाखा बाजार है। जहां तैनात कर्मचारियों से मोबाइल नंबर्स 86025 67375 तथा 7566877491 पर संपर्क किया जा सकता है।

## विद्यार्थियों ने चलाया वृहद 'वोकल फॉर लोकल' अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रप्रेम और आत्मनिर्भर भारत के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से एक वृहद 'वोकल फॉर लोकल' अभियान चलाया। इस प्रेरणादायी पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पूरे नगर में नागरिकों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने और स्थानीय बाजार से ही खरीदी करने का आग्रह किया ।अभियान की विशेष बात यह रही कि विद्यार्थियों ने 'वोकल फॉर लोकल' बैज नगर के 20,000 से अधिक लोगों को लगाकर उन्हें इस मुहिम से जोड़ा। बच्चों का उत्साह, रचनात्मकता और देशभक्ति देखने योग्य थी। पूरे शहर में "स्वदेशी अपनाएं का नारा गूंज उठा। विद्यालय प्रबंधन ने सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान न केवल देश के आर्थिक सशक्तिकरण में योगदान देते हैं, बल्कि बच्चों में समाजसेवा, नेतृत्व और राष्ट्रीय चेतना की भावना भी विकसित करते हैं।

### जिले में खास तरीके से हुई भगवान गोवर्धन की पूजन, इस परंपरा का निर्वहन पीढ़ी दर पीढ़ी से किया जा रहा है

# सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए: कमल पटेल



## कामधेनु गो-शाला में जिला स्तरीय गोवर्धन पूजन कार्यक्रम संपन्न

मंगलवार को जिला स्तरीय गोवर्धन पूजा कार्यक्रम कामधेनु गो-शाला मगरधा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक डॉ.आर.के. दोगने, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, कलेक्टर सिध्दार्थ जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, कृषि समिति के सभापति ललित पटेल, जिला पंचायत की मुख्यकार्यपालन अधिकारी अंजलि जोसेफ जोनाथन, जनपद उपाध्यक्ष हरदा गौरीशंकर शर्मा, सरपंच मगरधा नंदलाल धुर्वे, उप संचालक पशु चिकित्सा अजय रामटेके सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा गो-माता का विधिवत पूजन भी किया गया। उन्होंने गायों को स्नेह पूर्वक दुलारा और उन्हें गुड़ एवं मिष्ठान इत्यादि खिलाया। कार्यक्रम में गोशालाओं में कार्यरत गो-सेवकों व गो-प्रेमियों का शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। विधायक दोगने ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि हम बचपन में मां का दूध केवल दो-तीन वर्षों तक ही पीते हैं, जबकि गाय माता का दूध हम जीवन भर पीते हैं । अतः हमारे जीवन में मां से बड़ा स्थान गो माता का होना चाहिए। पूर्व मंत्री कमल पटेल ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित गौ वंश के संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल शासकीय प्रयासों से संभव नहीं है इसके लिए सभी नागरिकों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि गाय माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है। गाय माता हमें दूध, गोबर, गोमूत्र सहित बहुत कुछ देती है। जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि गायों के संरक्षण के लिए जनजागरुकता लाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने गोवर्धन पूजा कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा की परंपरा काफी प्राचीन है। गोवर्धन एवं गाय की पूजा प्रतीक रूप में होती है। वास्तव में यह प्रकृति की पूजा का भी पर्व है। लोक जीवन में गोवर्धन पूजा की समृद्ध परंपरा है, जिससे नई पीढ़ी को अवगत करवाने की दिशा में इस वर्ष शासन द्वारा विशेष प्रयास किए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा एक खास तरीके से मनाई जा रही है। चूंकि इस वर्ष दीपावली के अगले दिन भी अमावस्या होने के चलते, बुधवार को पड़वा पर ग्रामीण क्षेत्रों में गोवर्धन पूजन किया जा रहा है। इस अनोखी परंपरा के तहत मवेशियों को नहलाकर और श्रृंगार कर उन्हें घर की दहलीज पर जलाई गई आग के ऊपर से निकाला जाता है। ग्रामीणों की मान्यता है कि ऐसा करने से मवेशी पूरे साल स्वस्थ रहते हैं और उनमें किसी बीमारी का प्रकोप नहीं होता है। कृषि प्रधान हरदा जिले में इस खास परंपरा के चलते दीपावली के दूसरे दिन भी धूम रहती है। इस दिन मवेशियों को पहले नहलाया जाता है, फिर उनके शरीर पर रंग-बिरंगे छपके लगाकर उनका श्रृंगार किया जाता है। इसके बाद, घर के मुख्य द्वार (दहलीज) पर अग्नि जलाकर उसके ऊपर से मवेशियों को निकाला जाता है। ग्रामीणों के अनुसार, इस परंपरा का निर्वहन पीढ़ी दर पीढ़ी से किया जा रहा है।



## कलेक्टर ने किया गोवर्धन पूजन

बुधवार को माँ रेवा गो-शाला अतरसमा में गोवर्धन पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, एसडीएम अशोक डेहरिया, उप संचालक पशु चिकित्सा अजय रामटेके, गोशाला समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण खेरवा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने विधि विधान से गोवर्धन का पूजन किया।

### अतरसमा में संचालित कस्टम हायरिंग सेंटर का निरीक्षण किया

# नरवाई प्रबंधन के लिए किसानों को जागरुक करें सुपर सीडर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को अतरसमा में किसान आनन्द जाट द्वारा संचालित कस्टम हायरिंग सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने किराये पर दिये जाने वाले कृषि उपकरणों हार्वेस्टर, ट्रेक्टर ट्राली, रीपर, बुआई के उपकरणों की जानकारी ली। साथ ही उप संचालक कृषि को किसानों को नरवाई नहीं जलाने एवं नरवाई का उचित प्रबन्धन के प्रति जागरूक करें। सुपर सीडर के उपयोग को बढ़ावा देने के लिये किसानों को प्रेरित किया जाए।

## निकायों की मतदाता सूची के संबंध में कल तक लिए जाएंगे दावे आपत्ति

हरदा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जा रहा है। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पहले 13 नवंबर को होना था, अब 21 नवम्बर को होगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया जा चुका है। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में अब 24 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक दावे आपत्ति लिए जाएंगे। पहले 8 से 17 अक्टूबर तक दावे-आपत्ति लिये जाने थे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 4 नवंबर 2025 तक किया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 21 नवम्बर 2025 को किया जाएगा।

### मंदिरों में दीपावली की रात से ही भंडारे को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई थी

# मंदिरों में अन्नकूट भंडारा किया गया, मालपुए सहित कई प्रकार के व्यंजन श्रद्धालुओं को प्रसादी में वितरित किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

दीपावली के बाद बुधवार को क्षेत्र के अनेक मंदिरों में अन्नकूट भंडारा किया गया। स्थानीय खेड़ापति माता मंदिर प्रांगण ,राधा कृष्ण मंदिर, राम जानकी मंदिर खमगांव सहित मंदिरों में विशाल भंडारा आयोजन किया गया। मंदिरों में दीपावली की रात से ही भंडारे को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई थी। विशेष रूप से भंडारे में मालपुए सहित अन्य व्यंजन तैयार किए गए। स्थानीय खेड़ापति माता मंदिर प्रांगण रहटगांव में यह आयोजन चौथी चतुर्थ वर्ष बार किया गया। ग्रामवासियों के सहयोग से विशाल भंडारा प्रसादी वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंच कर प्रसादी ग्रहण की। अन्नकूट भंडारा माता रानी की पूजन कर पूजा अर्चना कर भोग लगाने के बाद शुरु हुआ।

### मान्यता है कि नहीं होती बीमारी

# घर के दरवाजे के सामने आग की लपटों पर से कुदाते हैं गोवंश को



**रहटगांव**। जिले में गोवर्धन पूजन के दिन सुबह से ही घर के दरवाजे के सामने आग लगाकर गोवंश आग की लपटों के ऊपर से कुदाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि जानवरों को आग की लपटों से कुदाने पर जानवरों को साल भर किसी प्रकार की बीमारियां नहीं होती साथ ही वह साल भर अच्छे रहते हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि गौवंश को होने वाली माहमारी जैसी बड़ी बीमारियों से निजात मिलती है। दिवाली के अगले दिन यह बरसों से चली आ रही परंपरा आयोजित की जाती है। जिसमें गांव मोहल्ले के सभी बच्चे महिलाएं एवं बुजुर्गों शामिल रहते हैं। वैसे तो यह आयोजन दीवाली के अगले दिन आयोजित होना था, मगर तिथि अनुसार गोवर्धन पूजन आज आयोजित हुआ। इसलिए यह कार्यक्रम सभी ग्रामीण क्षेत्रों और शहरों में आयोजित किया जा रहा है। पूर्वजों की माने तो यह परंपरा द्वापर युग से चली आ रही है। दीपावली के अगले दिन यानी पड़वा के दिन यह पूर्वजों द्वारा चलाई जारी परंपराओं का कार्यक्रम आयोजित होता है। इस बार दो तिथि होने के कारण यह कार्यक्रम एक दिन बाद आयोजित किया गया।

### गो माता पूजन किया गया

रहटगांव। इस वर्ष भी कामधेनु गो शाला धनपाडा. भारतीय किसान संघ ग्राम इकाई फुलडी के द्वारा गौ माता पूजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में ग्राम के गोपालक उपस्थित हुए। सर्वप्रथम गो माता की पूजन किया गया। उसके पश्चात सभी गो माता को पूजन करके अच्छी गोपालन करने वाले किसानों को पुरस्कार दिया गया। प्रथम पुरस्कार हरिओम गौर बटेला, दूसरा पुरस्कार, कैलाश गौर एवं तीसरा पुरस्कार सतीश मंडलेकर को प्राप्त हुआ। भारतीय किसान संघ ग्राम इकाई फुलडी के द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू पटेल द्वारा की गई। चयन समिति प्रेम नारायण बंड्या, सुरेश कैथरिया, रघुवीर गौर ,शंकरलाल गौर, कमलेश गौर के द्वारा चयन किया गया । भारतीय किसान संघ के सभी पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। लोकेश गौर, हरिओम गौर, विष्णु प्रसाद गौर, सियाराम जिंसी, दिनेश गौर, राजकुमार जिंसी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### निर्वाण लाडू अर्पित किए गए

# जैन मंदिरों में परंपरागत रूप से शांतिधारा अभिषेक किया




हरदा। मंगलवार को चारों जैन मंदिरों में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2552वां निर्वाण मोक्ष कल्याणक महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खिरकिया और टिमरनी के जैन मंदिरों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने जैन मंदिरों में परंपरागत रूप से शांतिधारा अभिषेक किया। इसके बाद भगवान महावीर स्वामी की पूजा-अर्चना की गई और निर्वाण कांड पढ़ते हुए जयकारों के साथ निर्वाण लाडू अर्पित किए गए। जैन समाज के कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि कार्तिक अमावस्या के दिन भगवान महावीर स्वामी ने पावा नगरी के मनोहर उद्यान में स्वाति नक्षत्र के समय मोक्ष प्राप्त किया था। तभी से जैन धर्म में दीपोत्सव और निर्वाणोत्सव मनाने की परंपरा चली आ रही है। इसी दिन गौतम स्वामी को कैवल्यज्ञान की प्राप्ति हुई थी, जिससे इस दिवस का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व और बढ़ जाता है। समाज के मंत्री राहुल गंगवाल ने बताया कि भगवान महावीर का जीवन सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य और ब्रह्मचर्य जैसे पंच सिद्धांतों पर आधारित है। जैन धर्म में धन-यश और वैभव लक्ष्मी की बजाय वैराग्य लक्ष्मी प्राप्ति पर बल दिया जाता है। भगवान महावीर स्वामी के अभिषेक शकुंतला गंगवाल, रितेश गंगवाल परिवार, हेमंत जैन, पल्लव जैन, स्वदेश गंगवाल, स्वासिक गंगवाल, अशोक जैन, आलोक जैन, सरोज बड़जात्या, पवित्र प्रतीक बड़जात्या, अभिषेक रपरिया और आरती रपरिया को प्राप्त हुआ। निर्वाण लाडू अर्पित करने का सौभाग्य महेंद्र अजमेरा, हितेंद्र अजमेरा परिवार को मिला, जबकि आरती का सौभाग्य पवन सिंघई, अनुलेखा सिंघई और अंकित सिंघई परिवार को प्राप्त हुआ। जैन समाज के सभी श्रावक-श्राविकाओं ने नगर के चारों जैन मंदिरों में पहुंचकर निर्वाण लाडू अर्पित किए और भगवान महावीर से आशीर्वाद लिया।

### बरकलां और मनियाखेड़ी के बीच की गई वारदात

# बिजली के तार चुराने वाले आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**हरदा**। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा हरदा वृत्त के अंतर्गत ग्राम बरकलां और मनियाखेड़ी के बीच बिजली के तार चोरी करने वाले अज्ञात आरोपित के विरूद्ध थाना टिमरनी में एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है। सहायक प्रबंधक हरदा (दक्षिण) अरुण कुमार चंदेले ने बताया कि हरदा (दक्षिण) वितरण केन्द्र के ग्राम बरकलां और मनियाखेड़ी के बीच 13-14 अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा 11 केवी लाइन के 0.63 किमी लंबे एल्युमिनियम तार चोरी कर लिए गए थे। बड़कला में पदस्थ आउटसोर्स लाइन हैल्पर गोविंद लोमारे द्वारा तार चोरी की जानकारी देने पर थाना टिमरनी में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई है। थाना टिमरनी द्वारा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 303(2) के अंतर्गत एफ.आई.आर. दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। प्रबंध संचालक ने मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को सजग रहने को कहा है, ताकि चोरी की घटनाएं न हों और बिजली कंपनी को आर्थिक हानि न हो। कंपनी ने मैदानी अधिकारियों कर्मचारियों से कहा है कि विद्युत आपूर्ति की स्थिति पर लगातार नजर रखें और जिले के कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर किसी भी अप्रिय स्थिति में उनसे आवश्यक सहयोग प्राप्त करें।

### अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरदा। जिला अस्पताल में बीती रात दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में एक 12 वर्षीय बच्चे की मौत डंपर की टक्कर से हुई, जबकि दूसरी घटना में 40 वर्षीय किसान ने सल्फॉस खाकर जान दे दी। बुधवार सुबह पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना देवास जिले के खातेगांव निवासी 12 वर्षीय राजवीर पुत्र सुनील गवली की है। मंगलवार शाम करीब 4 बजे एक डंपर चालक ने उसे टक्कर मार दी थी, जिससे राजवीर के सिर में गंभीर चोटें आई थीं। परिजन उसे रात 9 बजे हरदा जिला अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्भीखेड़ा की है। यहां के 40 वर्षीय अर्जुन पुत्र अद्दु सिंह ने मंगलवार शाम को अज्ञात कारणों से सल्फॉस का सेवन कर लिया था। सल्फॉस खाने के बाद परिजन उसे पहले सिराली अस्पताल ले गए। वहां उसकी गंभीर हालत के चलते डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान रात करीब 9:30 बजे अर्जुन की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक अर्जुन विवाहित था लेकिन उसके कोई बच्चे नहीं थे। वह किसानी का काम करता था। पुलिस फिलहाल दोनों मामलों की विस्तृत जांच कर रही है।